2

# वर्ण एवं वर्णमाला

(Letter and Alphabet)

बच्चो! जब हम बोलते हैं तो हमारे मुख से कुछ ध्वनियाँ निकलती हैं। ये ध्वनियाँ हमें कुछ बताती हैं और हम दूसरों की बात को समझ लेते हैं।

देखिए, पढ़िए और समझिए–




बच्चो! आपने ऊपर चित्रों में देखा कि बच्चा 'शेर' को देखकर डर जाता है और उसके मुख से ध्वनियाँ – श् ए र् अ निकलती हैं। जिन्हें मिलाकर लिखने से – श् + ए + र् + अ = शेर शब्द बनता है।

इसी प्रकार दूसरे चित्र में बच्चा 'कार' को देखकर आश्चर्यपूर्वक बोल पड़ा और उसके मुख से ध्वनियाँ – क् आ र् अ निकलती हैं। जिन्हें मिलाकर लिखने से – क् + आ + र् + अ = कार शब्द बनता है और हम उनका अर्थ समझ जाते हैं।

इस प्रकार हम कह सकते हैं–

मुख से निकली ध्वनियों के लिखित रूप को वर्ण या अक्षर कहते हैं अर्थात् वर्ण भाषा की सबसे छोटी इकाई होती है जिसके और टुकड़े नहीं किए जा सकते।

## वर्णमाला

वर्णों के लिखे गए क्रमबद्ध समूह को वर्णमाला कहते हैं। जिस प्रकार भिन्न-भिन्न फूलों को एक धागे में पिरोकर फूलमाला बनती है, उसी प्रकार भिन्न-भिन्न वर्ण निश्चित क्रम में लिखने से वर्णमाला बनती है।

# वर्ण के भेद

वर्ण मुख्यतः दो प्रकार के होते हैं–

1. स्वर 2. व्यंजन

## 1. स्वर

जो वर्ण स्वतंत्र रूप से बोले जाते हैं उन्हें स्वर कहते हैं। हिंदी भाषा में 11 स्वर होते हैं–

आ आ इ ई उ ऊ

ऋ ए ऐ ओ औ

## 2. व्यंजन

जो वर्ण स्वरों की सहायता से बोले जाते हैं, उन्हें व्यंजन कहते हैं। हिंदी में 33 व्यंजन होते हैं–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क | ख | ग | घ | ङ |
| च | छ | ज | झ | ञ |
| ट | ठ | ड | ढ | ण |
| त | थ | द | ध | न |
| प | फ | ब | भ | म |

य र ल व श ष स ह

# अन्य वर्ण

'अं' तथा 'अः' ऐसे वर्ण हैं, जो न तो स्वर हैं और न व्यंजन। इन्हें अयोगवाह कहते हैं।

'ड़' तथा 'ढ़' को अतिरिक्त व्यंजन कहते हैं। ये 'ड' तथा 'ढ' के विकसित रूप हैं।

## संयुक्त व्यंजन

दो या दो से अधिक वर्णों के मेल से बने व्यंजन को संयुक्त व्यंजन कहते हैं। क्ष, त्र, ज्ञ, श्र– ये चार वर्ण संयुक्त व्यंजन हैं; जैसे–

| | |
|---|---|
| क् + ष् + अ = क्ष | त् + र् + अ = त्र |
| ज् + ञ् + अ = ज्ञ | श् + र् + अ = श्र |

### आओ दोहराएँ

- मुख से निकलने वाली ध्वनि को वर्ण कहते हैं।
- वर्ण भाषा की सबसे छोटी इकाई है।
- वर्णों के लिखे गए क्रमबद्ध समूह को वर्णमाला कहते हैं।
- वर्ण के दो भेद हैं – स्वर तथा व्यंजन
- हिंदी भाषा में 11 स्वर तथा 33 व्यंजन होते हैं।

## अब बताइए

**(क) सही विकल्प पर ( ✓ ) लगाइए–**

1. मुख से निकलने वाली ध्वनियाँ कहलाती हैं–

   (i) वर्ण ☐ (ii) शब्द ☐

2. भाषा की सबसे छोटी इकाई है–

   (i) शब्द ☐ (ii) वर्ण ☐

3. वर्णों के लिखे गए क्रमबद्ध समूह को कहते हैं–

   (i) वर्णमाला ☐ (ii) फूलमाला ☐

4. इनमें विकसित व्यंजन है–


   (i) ङ ☐ (ii) ड़ ☐

## ( ख ) नीचे दिए गए वर्णों को उचित स्थान पर लिखिए–


आ, क, च, अ, ट, इ, उ, प, थ, ई, द, छ, ऊ, न, फ, ग, ए, ऐ, ब, म, ऋ, य, र, ल, ओ, श, औ, ष, स, श।

**स्वर** **व्यंजन**

## ( ग ) चित्रों को पहचानकर उनके नाम का पहला वर्ण लिखिए–



............................



............................



............................



............................



............................



............................